कानून में कहा गया है कि जो रजिस्टर्ड प्रैक्टिशनर नहीं है, ऐसा कोई वैद्य और हकीम प्रैक्टिस नहीं कर सकता है। अगर नहीं कर सकता है तो फिर इन लोगों की प्रैक्टिस चल कैसे रही है। अगर इस के सम्बन्ध में कोई पीनल क्लाज है तो उस का उपयोग नहीं हुआ है। मेरा सुझाव यह है कि इस बारे में कोई पीनल क्लाज बनाना पड़ेगा कि यह मौका देने के बाद भी अगर कोई वैद्य या हकीम अपने नाम का रजिस्ट्रेशन न कराय और गलत तरीके से प्रैक्टिस करता रहे, तो उस को पेनैलिटी देनी होगी। इसलिये इस में एक पीनल क्लाज रखने की जरूरत है।

इस में यह भी बतलाया गया है कि वह दस साल से प्रैक्टिस करता हो। लेकिन इस की शर्त क्या है। इस का एग्जामिनेशन कौन लेगा कि कोई वैद्य या हकीम दस साल से प्रैक्टिस करता है या नहीं। इस की शर्त क्या रखी गई है? कानून में बतलाया गया है कि जो रजिस्ट्रेशन करने वाली अथारिटीज हैं उन को सैटिसफाई कर दे। मेरा सुझाव यह है कि ऐसे आदमियों के लिये कोई रिफ्रेशर्स कोर्स या रिओरिएन्टेशन कोर्स होना चाहिये। नहीं तो कोई भी आदमी कह सकता है कि मै दस साल से प्रैक्टिस कर रहा हूं। वह इस तरह का सर्टिफिकेट ला कर रजिस्ट्रेशन करने वाली अथारिटीज को सैटिसफाई कर सकता है।

तो यह गलत रजिस्ट्रेशन नहीं होना चाहिये। लोगों को गलत फायदा नहीं उठाने देना चाहिये। इसलिये इन लोगों के लिये एक एग्जामिनेशन की जरूरत है।

दूसरी बात यह है कि जो अर्जियां आती हैं वे कई कई साल तक दफ्तर में पेंडिग पड़ी रहती है, उनकी एनक्वायरी नहीं होती कि वे कहां प्रेक्टिस करते हैं, कौन सी दवा देते हैं। इस की सही जांच होनी चाहिये और उस जांच के बाद उनको रजिस्टर करना चाहिये।

13 hrs.

हमने देखा है कि कोई अर्जी देता है और एक सरटिफिकेट पेश कर के रजिस्टरिंग अथारिटी को सैटिसफाई कर देता है और उसका रजिस्ट्रेशन हो जाता है। लेकिन जो लोग देहातों में प्रेक्टिस करते हैं, चाहे वे सही हकीमी और वैद्यक करते हों और सही औषधि देते हों, उनका नाम रजिस्टर नहीं हो पाता। तो इस बात की जांच होनी चाहिये कि कौन वास्तव में अच्छा वैद्य या हकीम है और उसको मदद दी जानी चाहिये।

मुझे दूसरी बात यह कहनी है कि आयुर्वेदिक और यूनानी वालों के साथ अच्छा ट्रीटमेंट नहीं होता। जो एलोपैथिक डाक्टर किसी को सरटिफिकेट देता है कि यह आदमी बीमार है तो कोर्ट में उसको माना जाता है, लेकिन आयर्वेदिक और यूनानी वालों को ऐसा सरटिफिकेट देने का अधिकार नहीं है, और अगर वे देते हैं तो उसको माना नहीं जाता। इस लिये मेरा सुझाव है कि इन लोगों के लिये एक रिफरेशर कोर्स रखा जाय और उसको पास करने के बाद इनको रजिस्टर किया जाये। इस के बारे में चोपड़ा कमीशन की रिपोर्ट में जो सिफारिश की गयी है उस पर ध्यान देना चाहिये।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि इसमें रजिस्ट्रेशन के लिये ६ महीने का समय दिया गया है। चूंकि देहात में लोगों को कानून का पता नहीं चलता, इस लिये मेरा सुझाव है कि इसकी मायती देहातों में करायी जानी चाहिये कि ६ महीने के अन्दर वैद्यों और हकीमों को अपने नाम रजिस्टर करवा लेने चाहिये। नहीं तो हो सकता है कि वहां के लोगों को पता भी न चले और ६ महीने का समय पूरा हो जाये।

बस ये ही सुझाव मुझे देने थे।

Mr. Chairman: Shri Yadav. Only five minutes. I will call the Minister next.

Shri Sonavane (Pandharpur): Some time may be given to me, about five minutes.

Mr. Chairman: Is he moving for an extension of the time for the discussion?

Shri D. C. Sharma: I have moved for extension of time by half an hour.

Mr. Chairman: Is it the wish of the House?

Shri D. C. Sharma: Shri Raghunath Singh wants to speak, so many want to speak.

Mr. Chairman: Even with half an hour, it will not be possible to accommodate more than about two or three people. Anyway, if that is the wish of the House, we may continue till 1-30.

Shri D. C. Sharma: The Minister may be called at 1-35.

Mr. Chairman: That does not make it half an hour, it would make it more. I will call the Minister at 1-20.

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी): सभापति जी, यह जो मौजूदा आयुर्वेदिक और यूनानी वैद्यों और हकीमों के बारे में विधेयक प्रस्तुत किया गया है, मैं इसका समर्थन करता हूं।

वैद्यों, हकीमों और डाक्टरों की इस देश में कमी है। देश की जलवायु जैसी है उसको देखते हुए आयुर्वेदिक और यूनानी इलाज ज्यादा उपयुक्त है। इस लिये अगर इन लोगों को प्रोत्साहन दिया जाय तो अच्छा ही है, और मैं तो चाहूंगा कि सरकार आयुर्वेदिक, यूनानी और ऐलोपैथी के इलाजों में कोई समन्वय स्थापित करें, और मैं समझता हूं कि यह तभी सम्भव हो सकता है जब डाक्टरी की शिक्षा भी भारतीय भाषाओं में दी जाये। अभी कठिनाई यह है कि एलोपैथी अंग्रेजी के द्वारा पढ़ाई जाती है। यदि

[श्री राम सेवक यादव]

यह पढाई देशी भाषाओं के माध्यम से हो तो हम जल्दी डाक्टर तैयार कर सकते हैं। अभी तो एक लड़के को अंग्रेजी पढ़ने में और मुंह मोड़ कर उसे बोलना सीखने में १८ से २१ साल तक लग जाते हैं और उसके बाद उसको दवा के बारे में पढ़ाया जाता है।

13.05 hrs.

[DR. SAROJINI MAHISHI *in the Chair*]

मेरी समझ में नहीं आता कि दवा का किसी भाषा से क्या सम्बन्ध हो सकता है। अगर आप यह कर दें कि डाक्टरी की शिक्षा देशी भाषाओं के माध्यम से दी जाये तो हम यह शिक्षा कम समय में दे सकते हैं और इससे आयुर्वेदिक, यूनानी और एलोपैथी का समन्वय भी हो सकेगा और इस प्रकार की होड़, जो आज चल रही है, नहीं रहेगी कि आयुर्वेदिक या यूनानी अच्छा या ऐलोपैथिक इलाज अछा। अगर डाक्टरी देशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई जाये तो यह सारी चीजें दूर हो सकती हैं और जो वैद्यों, डाक्टरों और हकीमों की कमी है वह भी दूर हो सकती है। चूंकि यह बिल इस दिशा में एक कदम है, इसलिये मैं इसका स्वागत करता हूं।

लेकिन इसके साथ साथ मैं मंत्रालय को इस बात के लिये कोसता भी हूं कि वह इतने दिनों तक सोता रहा। कानून सन् १९४९ में बना, लागू कब हुआ पता नहीं। अभी एक माननीय सदस्य ने बतलाया कि वह सन् १९५६ में लागू हुआ। इस को भी ७ बरस हो गये। इस कानून के अन्तर्गत सब डाक्टरों, हकीमों और वैद्यो को रजिस्टर होना था। सात साल बाद यह पता चला कि बहुत से हकीमों और वैद्यों अभी भी वैसे हैं जो कि रजिस्टर नहीं हुए हैं और वह पहले की तरह अपना काम चला रहे हैं। उनको मौका देने के लिये यह कानून लाया जा रहा है। सरकार इतने समय तक इस पर सोती रही। अगर इस तरह से काम करेंगे तो यह कैसे ठीक से चलेगा। फिर भी यह अच्छा बिल है। चाहे देर से ही आया लेकिन इसका स्वागत होना चाहिये।

मुझे इस कानून के बारे में कुछ कहना है और वह यह कि अगर सन् १९४९ को लिया जाय जब यह कानून बना था, तो इसका मतलब यह होगा कि जो लोग सन् १९३८ या १९३९ में प्रेक्टिस करते होंगे और जो लगातार सन् १९४९ तक प्रेक्टिस करते रहे उनको रजिस्टर किया जायेगा। अगर इस कानून को उन्ही लोगों तक सीमित रखा गया तो उन लोगों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकेगा जो कि सन् १९४९ से १९६३ तक प्रेक्टिस करते आये है और उनको भी दस साल से अधिक हो गया है। इसकी भाषा को जहां तक मैं समझता हूं उसके मुताबिक सन् १९५९ से बाद के लोगों को इसमें रजिस्टर नहीं किया जा सकेगा। अगर मेरी गलती हो तो मंत्री महोदय मुझे बतलायें कि जो वैद्य और हकीम सन् १९४९ से अब तक प्रेक्टिस करते रहे हैं उनको यह लागू होगा या नहीं और उनको रजिस्टर किया जायगा या नहीं। अगर उनको रजिस्टर किया जा सके तो बहुत ही सुन्दर होगा। मैं उसका स्वागत करूंगा। लेकिन अगर नए संशोधन का यह मतलब हो कि इसमें केवल उन्ही लोगों को लिया जा सकता है जो कि सन् १९४९ के कानून के समय अपना नाम रजिस्टर करवा सकते थे और जिन्होंने ऐसा नहीं किया, तो मेरा सुझाव है कि इसमें यह व्यवस्था भी कर दी जाय कि जो लोग सन् १९४९ के बाद से आज तक प्रेक्टिस करते हैं और जिनको दस साल से अधिक हो गए हैं वे भी इस कानून के अन्तर्गत अपना नाम रजिस्टर करवा सकें। मैं इसकी भाषा आपके सामने रखता हूं। वह इस प्रकार है:

"Provided that any such person, who has not been registered as a practitioner, may make within six months next after the com-

mencement of the East Punjab Ayurvedic and Unani Practitioners (Delhi Amendment) Act, 1962, an application for such registration and shall, on proof to the satisfaction of the Registrar that he had been in regular practice as a practitioner for a period of not less than ten years immediately preceding the date on which he might have made an application for being registered as a practitioner under this Act and of his continued practice as such since then, be entitled to have his name entered in the regiser on payment of the prescribed fee".

यह जो इसका हिस्सा है :

"immediately preceding the date on which he might have made the application".

इसका जो अर्थ मैं समझ पाया हूं वह यह है कि यह केवल उन लोगों पर ही लागू होगा जिन्होंने सन् १९४९ के कानून के समय अपना नाम रजिस्टर नहीं करवाया था और जो लोग सन् १९४९ से अब तक प्रेक्टिस करते हैं और जो सन् १९४९ के कानून में नहीं आते उनको यह लागू नहीं होगा। त्यागी जी मुझे समझाने की कोशिश करें इसका क्या अर्थ है। अगर यह कानून बाद वाले लोगों पर लागू नहीं होता है, तो मेरा निवेदन है कि उनको भी इसमें शामिल करने की व्यवस्था की जाय, और ऐसा न हो कि सरकार फिर दस बरस बाद जागे और उनके लिये नया कानून लाये।

मुझे इतना ही निवेदन करना था।

Shri Sonavane: I want to put forth some suggestions in regard to this amending Bill.

I feel it is essential to recognise the knowledge coming from father to son in the Ayurvedic, Unani and Homoeopathic lines. Particularly in the rural areas, where doctors are not available, the practice of such people would be helpful to the poor, because their medicines also cost less. But I find the Bill is arguing in a circle. Ten years practice is necessary before registration. If one fails to get registration, he should be stopped from practice. This would mean that people at large would be deprived of whatever facilities or services that the man might be rendering in rural or other areas. Therefore, I suggest that if a man fails to get registration a further opportunity should be provided to such persons and he should not be debarred from applying for registration. These practitioners would be dealing with the lives of the people. Therefore a board may be set up to examine the quality and efficacy of his treatment so that if the board is satisfied he should be eligible; if it is found that his treatment is good and he is well versed in his profession registration should not be refused. If there is no such board we will be landing us in trouble; the health of the people would be jeopardised. On page 2 the provision says that if he proves to the satisfaction of the registrar that he having been in regular practice of ayurvedic or unani systems of medicine in this Union Territory on the date mentioned in the notification mentioned in sub-section (1)....This is about regular practice. But what about efficacy? Is he a quack? Is his worth recognised in medicine? That should be the test and not regular practice. A man may give some fake names of patients he cured; that is not sufficient for registration in my opinion. His worth should be tested by a board by oral examination and a written examination if necessary as the health of the nation would be in their hands especially illiterate and ignorant people would be at their mercy. Those who have not passed any examination from any colleges but whose experience has come from father to son may have their worth and they may be given opportunities to qualify and the doors should not be kept closed. With these words, I commend this Bill.

श्री श्रोंकार लाल बेरवा (कोटा) : सभापति महोदया, वैसे तो ग्रामतौर पर मैं इस बिल का स्वागत करता हूं लेकिन इसमें जो दस साल की प्रैक्टिस करने वालों को रजिस्टर करने की बात है तो उसके लिये मेरा कहना है कि इस बात की जांच के लिये ऐसे अफसरान सुपुर्द किये जायें जो कि भ्रष्टाचार से बिल्कुल रहित हों । अगर ऐसा न हुआ तो जैसे किसी ने चार साल तक प्रैक्टिस की, किसी ने ६ साल तक प्रैक्टिस की वह भी सम्बन्धित अधिकारियों को रिश्वत देकर १० साल का सर्टिफिकेट लेकर अपने को रजिस्टर करा लेंगे इस लिये इस बात को बहुत जरूरत है कि इस काम पर ऐसे अधिकारी नियुक्त किये जायें जो कि बिलकुल ईमानदार हों और वह बिलकुल निष्पक्षता से इस बात की जांच करें । अगर पूरे तरीके से उन्होंने जांच नहीं की तो उस में क्या होगा? उस तरह से एक साल की प्रेक्टिस वाला भी दस साल का झूठा सर्टिफिकेट हासिल कर लेगा क्योंकि जिसके पास पैसा है वह तो एक साल या छै महीने प्रैक्टिस करके भी सर्टिफिकेट ले सकता है लेकिन जो बेचारे जैनुएनली ७, ७ और ८, ८ साल से प्रैक्टिस कर रहे हैं वे दस साल की कैद के कारण रजिस्ट्रेशन से महरूम हो जायेंगे । इस बारे में जांच करना बड़ा आवश्यक हो जायेगा कि जिसने ८ साल प्रैक्टिस कर ली है उसको कौन नीचे से सर्टिफिकेट देगा कि यह पिछले आठ साल से प्रैक्टिस करता आ रहा है ? इस लिये उसकी जांच किसी ऐसे अधिकारी से करवाई जाये जिसके कि अन्दर जरा भी भ्रष्टाचार न हो वरना होगा यह कि दो दिन से दुकान खड़ी करने वाले भी पैसा देकर १० साल का सर्टिफिकेट हासिल कर लेंगे । इस लिये सब से ज्यादा भ्रष्टाचार की रोक होनी चाहिये । आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की कला है यह एलोपेथी की तरह मामूली पद्धति नहीं है कि अंग्रेजी दवायें दुकान पर आयीं और बेच दीं तो किसी के इंजेक्शन लगा दिया , आयुर्वेद पद्धति इस तरह से नहीं चलती है । इसमें सख्त जरूरत इस बात की है कि उनकी प्रैक्टिस का पूरा पूरा ध्यान रखा जाय कि उस ने १० साल तक प्रैक्टिस की है या नहीं ।

अभी डाक्टरों की कमी है इस लिये यह और भी जरूरी हो जाता है कि आयुर्वेदिक और यूनानी वालों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहन दिया जाय और उनको प्रैक्टिस करने दिया जाय । ६ महीने की जो अवधि आपने रखी है यह बहुत ज्यादा है । इसके लिये तीन ही महीने का टाइम रखा जाय और यह तीन महीने का जो नोटिस निकाला जाय यह खाली शहरों में ही नहीं बल्कि वां गांव में हिन्दी के अन्दर यह नोटिस छपवा कर हर एक गांव में चस्पा किये जायें । मैंने देखा है कि आजकल जितने भी यह नोटस वगैरह निकलते हैं यह सब अंग्रेजी में निकलते हैं । अब गांव के आदमी जाहिर है कि इतनी अंग्रेजी जानते नहीं हैं । गावों में जो पुराने वैद्य या हकीम हैं उनको अंग्रेजी का इतना ज्ञान नहीं होता । यह देशी दवाओं से काम लेते हैं इसलिये गावों के अन्दर नोटिस हिन्दी में निकाले जायें । हर एक गांव में ग्राम पंचायतों के द्वारा, सरपंच के द्वारा, न्याय पंचायत के द्वारा या चौकीदार के द्वारा इस तरह का ढिंढोरा पिटवाया जाय कि ६ महीने की मियाद दी गई है या तीन महीने की मियाद दी गई है तब वे बेचारे सार्टिफिकेट ले सकेंगे ।

मैं ने कई एक गांवों में सुना है कि रजिस्ट्रेशन की दरख्वास्तें जो देते हैं तो साल साल और डेढ़ डेढ़ साल तक उन का रजिस्ट्रेशन ही नहीं होता । वह घर पर उसके इन्तजार में बैठे रहते हैं । शहर में चक्कर लगा कर लौट आते हैं । इसलिए आजकल जितना भ्रष्टाचार चल रहा है उस को कम किया जाये तभी जाकर ६ महीने या तीन महीने में उन का रजिस्ट्रेशन हो सकता है । इसलिए मैं सभापति महोदया, आप के द्वारा यह कहूंगा कि उन के द्वारा रजिस्ट्रेशन की दरख्वास्त देने के बाद ही कम से कम समय में उस को

डिस्पोज़ कर दिया जाय । ८ दिन के अन्दर अन्दर जांच कर दी जाय । इतना टाइम न लगने दिया जाय कि वह आउट ग्रोफ़ लिमिट हो जाय ।

यह दस साल की प्रैक्टिस की जो क़ैद रक्खी है तो इस बारे में ठीक तरीक़े से, सख़्ती से और ईमानदारी से जांच कराई जाय क्योंकि अंग्रेज़ी दवाएं देशी दवाओं से ही बनी हैं और जितना गड़बड़ घुटाला देशी दवाओं में हो सकता है उतना अंग्रेज़ी दवाओं में नहीं हो सकता है । इसलिए इस पर जरूर ख़याल किया जाय और इस का जो सर्टिफिकेट दिया जाय वह जांच कर के और सख़्त से सख़्त इम्तिहान लेकर दिया जाय और डाक्टरों के बराबर ही उन वैद्यों और हकीमों को मान्यता दी जाय । उनकी डिग्री बराबर समझी जाय । आज इमरजेंसी के अन्दर यह और भी ज़रूरी हो जाता है कि हम देश में ज्यादा से ज्यादा तादाद में प्रशिक्षित वैद्य और हकीम तैयार करें । मेरा कहना यह है कि डाक्टरों के बराबर उन को भी डिग्री दी जाय ताकि वह आगे आकर अच्छा काम कर सकें ।

श्री द्वा० ना० तिवारी (गोपालगंज) : सभानेत्री जी, किसी भी विधेयक को लाने का कोई खास मंतव्य होता है । यह विधेयक क्यों लाया गया ?

सभापति महोदय : माननीय सदस्य कृपया अपना भाषण पांच मिनट में समाप्त करें ।

श्री द्वा० ना० तिवारी : पांच मिनट का समय तो बहुत कम रहेगा, बहरहाल मैं सात, आठ मिनट में समाप्त कर दूंगा ।

यह विधेयक इतने लिमिटेड परपज़ के लिए लाया गया है कि जो लोग १९४९ के विधेयक के अनुसार, अपना नाम रजिस्टर नहीं करा सके हैं उन को ६ महीने का मौक़ा दिया गया है । मैं उम्मीद करता था कि माननीय मंत्री एक ऐसा बिल लायेंगे जो सारे देश को कवर करेगा केवल पूर्वी पंजाब को ही नहीं । कितने ही विधेयक पास हों, कितना भी टाइम बढ़ा दिया जाय, कुछ लोग तो ऐसे रह ही जायेंगे जिनका कि नाम रजिस्टर नहीं होगा । तो क्या फिर भी उन को रजिस्टर कराने के लिए टाइम दिया जायगा ? रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था हो या न हो, गांवों में ऐसे अनेकों वैद्य मिलेंगे, जो कि बिना रजिस्ट्रेशन के भी प्रैक्टिस करते हैं । इस विधेयक का अर्थ क्या है ? क्या इस रजिस्ट्रेशन के बाद उन लोगों को प्रैक्टिस करने की इजाज़त नहीं दी जायेगी, जिन का नाम रजिस्टर नहीं हुआ है ? और क्या रजिस्टर्ड लोगों को सर्टिफिकेट आदि देने की क्षमता और अधिकार मिल जायेंगे, जैसे कि ऐलोपैथी के डाक्टरों को मिले हुए हैं ? मैं ने गांवों में देखा है कि कई वैद्य लोग रजिस्टर्ड हैं, लेकिन गवर्नमेंट डिपार्टमेंट्स उन के सर्टिफ़िकेट्स को नहीं मानते हैं और कहते हैं कि किसी एम० बी० बी० एस० या अंग्रेज़ी डाक्टर या ऐलोपैथिक प्रैक्टीशनर का सर्टिफ़िकेट लाओ । इस रजिस्ट्रेशन का क्या अर्थ है ? इस से आयुर्वेद या वैद्यों में क्या सुधार होगा, यह समझ में नहीं आता ।

अगर गवर्नमेंट की तरफ़ से एक काम्प्रिहैंसिव सरवे किया जाये कि कितने वैद्य गांवों में प्रैक्टिस कर रहे हैं और उन का रजिस्ट्रेशन हो, तब तो ठीक है, लेकिन केवल दरख़्वास्त मांगने से काम नहीं चलेगा । रोज रोज़ नये वैद्य होते जा रहे हैं । जैसा कि मुझ से पहले एक माननीय सदस्य ने कहा है, जो वैद्य सात, आठ या नौ वर्ष तक प्रैक्टिस कर चुके हैं, उन की रजिस्ट्रेशन का क्या होगा ? यह एक ऐसी पद्धति है, जो कि पिता से पुत्र तक और पुत्र से पौत्र तक आती है । बहुत से लोग घर में ही सीख कर वैद्य का काम करने लगते हैं । वे किसी स्कूल में पढ़ कर सर्टिफ़िकेट नहीं लाते हैं । उन के बारे में क्या व्यवस्था

[श्री द्वा० ना० तिवारी]

होगी, इस सम्बन्ध में यह विधेयक चुप है । इस में तो केवल यही व्यवस्था है कि जो वैद्य प्रैक्टिस करते हैं, उन की रजिस्ट्रेशन कर दी जाये । इस से उन लोगों का क्या फ़ायदा होगा, यह समझ में नहीं आता । इस से उन को क्या अधिकार मिल जायगा ? अगर ऐसा होता कि जो लोग रजिस्ट्रेशन नहीं करायेंगे, उन को प्रैक्टिस करने की इजाजत नहीं मिलेगी या प्रैक्टिस करने पर उन के खिलाफ़ केस चलाया जायगा, तब तो बात समझ में आ सकती थी । लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है । गवर्नमेंट के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है कि ऐसे मामलों की जांच कर के उन लोगों के खिलाफ़ केस चलाये । इस का कारण यह है कि घर घर में ऐसे वैद्य होते हैं, जो घर में ही कुछ सीख लेते हैं और हड़-बहेड़ा ले कर प्रैक्टिस करना शुरू कर देते हैं और वैद्य कहलाते हैं । मैं समझता हूं कि इस व्यवस्था से आयुर्वेद का कोई सुधार होने के बजाये ग़लत लोग रजिस्टर्ड हो जायेंगे और वे खराबियां और भी बढ़ जायेंगी, जिन को ले कर ऐलोपैथी के लोग उस की बदनामी करते हैं ।

13.24 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि आयुर्वेद के प्रति सरकार का रुख इतना अच्छा नहीं है । इस का कारण यह है कि सरकारी लोगों और अधिकारियों आदि का विश्वास ऐलोपैथी में है, आयुर्वेदिक पद्धति में नहीं है । इस अवस्था में आयुर्वेद का सुधार कैसे हो ?

मैं तो यह चाहूंगा कि इस बिल को विदड्रा कर लिया जाये और सारे हिन्दुस्तान के लिए एक काम्प्रिहैंसिव बिल लाया जाये, ताकि इस सम्बन्ध में सारे हिन्दुस्तान का एक नक्शा हो । यह एक्ट ईस्ट पंजाब का है और दिल्ली के बारे में इस में एमेंडमेंट की जा रही है, लेकिन बिहार और यू० पी० में क्या होगा ?

श्री रघुनाथ सिंह (वाराणसी) : यू० पी० में एक्ट है ।

श्री द्वा० ना० तिवारी : वह लोकल एक्ट है । आखिर सैंट्रल एक्ट बनाने का क्या मतलब है ? सैंट्रल एक्ट बनाने का मतलब यह है कि जो काम लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के ज़रिये नहीं हो सकता, जो उस की काम्पिटेंस में न हो, उस के लिए यहां पर ऐसा बिल लाया जाये, जो कि सारे हिन्दुस्तान के लिए हो, न कि किसी एक प्रान्त के लिए । हर एक बिल का कुछ न कुछ मन्तव्य होता है । इस बिल का मन्तव्य सिवाये इस के और क्या है कि कुछ लोग और रजिस्टर्ड हो जायें ? मंत्री महोदय कहते हैं कि चूंकि उन की जीविका का प्रश्न है, इसलिए उन का रजिस्ट्रेशन किया जाना चाहिए । मैं उन से कहना चाहता हूं कि कुछ लोगों को जीविका देने के लिए वह आयुर्वेद को खत्म न करें । ऐसे आंशिक विधेयक लाने से आयुर्वेद की बदनामी अधिक बढ़ती है और उस में कोई सुधार नहीं होता है । सरकार ने इस सम्बन्ध में दर्जनों कमेटियां बनाईं और जांच करवाई—पंडित कमेटी, चोपड़ा कमेटी, न जाने कौन कौन कमेटियां बनाई गई थीं । अच्छा होता कि उन कमेटीज़ के रीकमेंडेशन्ज़ को पढ़ कर और आयुर्वेद-शास्त्रियों की एक मीटिंग बुला कर उन के परामर्श से एक काम्प्रिहैंसिव बिल लाया जाता, जिस से आयुर्वेद का सुधार होता । इस प्रकार के बिलों से कुछ होने वाला नहीं है । दो तीन बरसों के बाद और दस बरस की प्रैक्टिस वाले प्रैक्टीशनर्ज़ हो जायेंगे, सरकार पर फिर ज़ोर पड़ेगा और फिर उस को इस अवधि को बढ़ाना पड़ेगा ।

Mr. Deputy-Speaker: Dr. D. S. Raju.

श्री नवल प्रभाकर (दिल्ली-करौल बाग़) : उपाध्यक्ष महोदय, . . .

Mr Deputy-Speaker: There is no time; we will have to finish this by 3.35 P.M.

श्री नवल प्रभाकर : यह दिल्ली का बिल है । इसलिए दिल्ली वालों को बोलने का अवसर मिलना चाहिए ।

Mr. Deputy-Speaker: No. This is the Ayurvedic and Unani Practitioners Bill. I have called the hon. Minister to reply.

Mr. Deputy Minister in the Ministry of Health (Dr. D. S. Raju): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I thank the hon. Members for the speeches they have made and the light they have thrown on this Bill. The Bill in question actually deals with an extension of time-limit given to the Ayurvedic and Unani practitioners, because according to the provisions of the Act of 1949—the East Punjab Ayurvedic and Unani Practitioners Act—they could not register themselves within the prescribed time.

There were three sections under this Act. Section 16(1) provides for the practitioners or qualified dotcors of the Ayurvedic and Unani systems. There is no difficulty about them. They were all registered under section 16(1). Section 16(2) applies to doctors who were practising the Ayurvedic and Unani systems of medicine but who did not possess any qualifications. So concession was given to those doctors who were practising these systems of medicine for 10 years at the time of the application for registration and they were all given this concession for registration and their names were entered in the registered list under section 16(2). The third category of doctors also came into existence. These were Hakims and Vaids who unfortunately did not possess the qualifications; nor did they have ten years' experience. So, a concession was shown to them also and their names were listed in a separate list.

Time was given to them under Part III. and that time also expired. The time for the registration of doctors under section 16(2) expired by 1952, and Part III of the Act which was brought into force on 4th November, 1953 for those practitioners to be enlisted and registered also expired by 3rd November, 1954. Therefore, according to the process of law, all these persons are liable to be prosecuted. Some of the hon. Members have raised the question as to why they were not prosecuted. Dr. Sarojini Mahishi raised this question. But all these practitioners were very small middle-class people and probably they were earning a small amount of money and that was their only sustenance of living. If they had been prosecuted—and the law naturally would have taken its own course—it would have been very expensive for the Government also to prosecute them, since they were about 300 of them.

Shri D. N. Tiwary: What about the future?

Dr. D. S. Raju: I am coming to that. Probably therefore, the remedy would have been more costlier—that is, much worse—than the disease in this case. It would have meant unnecessary harassment. So, from a compassionate point of view, we wanted to give them some more extension of time, and that is the reason why six months more have been given to them. Some hon. Members asked why it is only for six months. The Bill was actually discussed in the Rajya Sabha and passed on the 4th December, 1962. So nearly one year has elapsed since then and during this time, a lot of publicity was given through the press, the radio and other things. So, they came to know about it. There were about 350 Vaids and Hakims in the list and they were anxious to register and enlist themselves, and they wanted this special concession. So, from this point of view, I think that it is reasonable and also desirable, from a compassionate point of view, to give this time-concession.

Actually one hon. Member—I think it was Dr Sarojini Mahishi—said that the punishment should be enhanced. An amendment has been brought for-

[Dr. D. S. Raju]

ward saying that the punishment is not adequate, but I may point out that in the East Punjab Ayurvedic and Unani Practitioners Act itself, sections 27 and 35 provide for punishment for contravening the provisions of the Act. It is not necessary for me to read them. If they do not register themselves or enlist themselves, they are punishable with a fine to the extent of Rs. 200, under section 36. So, the provision is already there and it is not necessary to enhance the punishment or accept that amendment.

A point has been raised that there may be some practitioners who have completed only three or four years. What about them? Can they be given permission to register or enlist themselves? I would submit that if no time-limit is fixed, then there is no end to this process. This applies only to those people who missed the bus in the first chance and who could not comply with the provisions of that Act. This applies to them who could not register themselves under section 16(2) or under Part III. It does not apply to other people.

Shri Yashpal Singh was very enthusiastic about ayurveda and unani systems of medicine. All of us, every Indian, takes pride in these two great systems. Both my senior colleague and myself are doing our best to improve and advance our indigenous systems of medicine. We are doing every bit in our power to improve them. Actually he made a sort of drastic proposal that all the allopathic medicines should be drowned into the sea. I do not agree with that proposal. Great as we are and great as we were, we lost our freedom for so many reasons. Just as we lost our freedom, we lost the merit of our science and culture. He has quoted Bapu's statement. But Bapuji has made several other statements also. He said that we must keep our minds and hearts open to all the thoughts that come from all parts of the world. If I may quote some of the ancient sayings, "Let noble thoughts come to us from all sides". This is the famous saying of Rishis. We should not, therefore, keep our minds and hearts shut to the recent advances of science and modern system of medicine. Modern system of medicine is advancing rapidly all over the world. Modern science has been able to put man into space. It has produced rockets and weapons of destruction which can destroy the whole world. Modern medicine is completely integrated with modern science and we cannot ignore that. It is a part of our life. The world is revolving on science now. If we ignore this aspect, we may again go down and lose our freedom; we may not be able to survive as a nation.

Shri Yashpal Singh: What about the freedom of ayurveda?

Dr. D. S. Raju: Wherever there is truth, it can never be suppressed. There is a lot of truth in ayurveda and unani systems of medicine. Two thousand years ago, they prescribed gold for tuberculosis and still we are using gold for tuberculosis. *Susrit* and *Charak* prescribed so many remedies for blood pressure and so on.

We are trying to do our best for these two systems of medicine. With these words, I commend the Bill to the acceptance of the House.

Shri D. N. Tiwary: What will become to those who started in 1952? Will they be registered under this Act?

Dr. D. S. Raju: Already 350 names are there for the Indian Board of Medicine to scrutinize. They will be registered and enlisted. All the names are with them. They are anxious to get themselves registered and they are law-abiding citizens. They are only anxious to have the extension of time-limit.

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That the Bill further to amend the East Punjab Ayurvedic and Unani Practitioners Act, 1949, as in force in the Union territory of Delhi, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

Mr. Deputy-Speaker: We will take up the clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2— (*Amendment of section* 16)

Amendment made:

Page 1, line 13,—

for "1962" *substitute* "1963". (3)

—(Dr. D. S. Raju)

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That clause 2, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 2, *as amended, was added to the Bill.*

Clause 3—(*Amendment of section* 34)

Amendment made:

Page 2, line 8,—

for "1962" *substitute* "1963". (4)

—(Dr. D. S. Raju)

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That clause 3, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 3, *as amended, was added to the Bill.*

Clause 4 *was added to the Bill.*

Clause 1—(*Short title and commencement*)

Amendment made:

Page 1, line 4,—

for "1962" *substitute* "1963". (2)

—(Dr. D. S. Raju)

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That clause 1, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 1, *as amended, was added to the Bill.*

Enacting Formula

Amendment made:

Page 1, line 1,—

for "Thirteenth" *substitute* "Fourteenth". (1)

—(Dr. D. S. Raju)

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That the Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted.

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

The Title was added to the Bill.

Dr. D. S. Raju: I beg to move:

"That the Bill, as amended, be passed".

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That the Bill, as amended, be passed."

The motion was adopted.

13.37 hrs.

INDUSTRIAL EMPLOYMENT (STANDING ORDERS) AMENDMENT BILL

The Deputy Minister in the Ministry of Labour and Employment and Planning (Shri C. R. Pattabhi